
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें





teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org


2024

29 अक्टूबर 2024

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

भीड़ का अनुसरण मत करो भीड़ को तुम्हारा अनुसरण करने दो।

**मार्ग्रेट थैचर**



राकेश कुमार

Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

## 29 अक्टूबर

1. **कमलादेवी चट्टोपाध्याय का निधन–** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का हिस्सा रही कमलादेवी चट्टोपाध्याय का निधन 29 अक्टूबर, 1988 ई. को हुआ था। उन्होंने नमक आंदोलन और असहयोग आंदोलन में भी हिस्सा लिया था और कई बार जेल भी गई थीं। भारतीय हस्तकला के क्षेत्र में नवजागरण लाया। ग्रामीण इलाकों में इन्होंने घूम–घूम कर हस्तशिल्प और हस्तकलाओं का संग्रह किया। आजादी के बाद वर्ष 1952 ई. में 'ऑल इंडिया हैंडीक्राफ्ट' का प्रमुख नियुक्त किया गया। वर्ष 1955 में पद्मभूषण, वर्ष 1987 में पद्म विभूषण और वर्ष 1988 में रेमन मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

2. **अंतर्राष्ट्रीय इंटरनेट दिवस–** 29 अक्टूबर, 1969 ई. को पहली बार इलेक्ट्रॉनिक संदेश कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के प्रो. लियोनार्ड को उनके एक शोध छात्र चार्ली क्लाइन ने भेजा था। उसी की स्मृति में वर्ष 2020 को अंतर्राष्ट्रीय इंटरनेट दिवस मनाया जाता है। इंटरनेट की शुरूआत वर्ष 1969 ई. में हुई थी जब अमेरिका में सेना के लिए कम्प्यूटर नेटवर्क तैयार किया गया था। उस समय इंटरनेट अरपानेट (एडवांस्ड रिसर्च प्रोजेक्ट्स एजेंसी नेटवर्क) के नाम से जाना जाता था।

3. **विश्व स्ट्रोक दिवस–** विश्व स्ट्रोक दिवस प्रतिवर्ष 29 अक्टूबर को मनाया जाता है। स्ट्रोक एक मस्तिष्क का दौरा होता है जब मस्तिष्क में रक्त प्रवाह प्रतिबंधित होता है। इस स्थिति में ऑक्सीजन की आपूर्ति में कमी के कारण कोशिकाएं मरना शुरू हो जाती है, जिसके परिणाम स्वरूप पक्षाघात, मासंपेशियों पर अनियंत्रण और मौत भी हो सकती है। अतः यह दिन स्ट्रोक के बारे में जागरूकता पैदा करने की कोशिश करता है।

Tuesday

राकेश कुमार

# मलखंब खेल




मलखंब भारत के प्राचीन खेलों में शुमार रहा है, जिसे पहली बार बर्लिन 1936 ओलंपिक खेलों के दौरान पुरी दुनिया के सामने पेश किया गया था। इस खेल में खेलने वाले खिलाड़ी को मलखंब कलाकार कहा जाता है। एक मलखंब कलाकार का शरीर रबर बैंड की तरह होता है। इन कलाकारों का शरीर ऐसा बंधा होता है कि वो कभी मलखंब के ऊपर खड़े होकर प्रदर्शन करते हैं तो कभी पोल के चारों ओर लटकते हुए शानदार कलाकृतियां दिखाते है। एक आम धारणा यह है कि दिखने में कलाबाजी की तरह होने के कारण ये स्वदेशी खेल असम में जिमनास्टिक से अधिक एक पोल के साथ कुश्ती के रूप में देखा जाता है। यह खेल इस तरह से अपनी पैठ बना रहा है कि यह संभव है कि हम इसे 2028 में लॉस एंजिल्स ओलंपिक में एक प्रदर्शन खेल के रूप में देख सकें। जैसा कि भारतीय जड़ों वाला यह खेल दुनिया भर में लोकप्रियता हासिल कर रहा है, मल्लखंभ के कलाकार भी दावा करते हैं कि इसमें उत्कृष्टता अन्य खेलों में प्रगति और सफलता का मार्ग प्रशस्त करती है।

# Teachers of Bihar

The change makers

# दिवस विशेष

29 अक्टूबर

मधु प्रिया

## अंतर्राष्ट्रीय इंटरनेट दिवस 29 अक्टूबर




अंतर्राष्ट्रीय इंटरनेट दिवस वर्ष 1969 में इलेक्ट्रॉनिक संदेश भेजने हेतु इंटरनेट के सर्वप्रथम उपयोग की वर्षगांठ के अवसर पर 29 अक्टूबर 2014 को विश्व स्तर पर मनाया गया। दूरसंचार और प्रौघोगिकी के इतिहास में महत्वपूर्ण दिवस की याद में प्रतिवर्ष 29 अक्टूबर को दुनिया भर में मनाया जाता है। अंतरराष्ट्रीय इंटरनेट दिवस को प्रतिवर्ष मनाने का काम 2005 से शुरू किया गया।अगर इंटरनेट का अर्थ हिंदी में खोजें तो शब्द मिलता है "अंतरजाल" एक ऐसा नेटवर्क जिससे दुनिया भर के कंप्यूटर आपस में तार और बिना तार के जुडें हुए हैं आप इसकी तुलना मकड़ी के जाल से भी कर सकते हैं क्योंकि यह बहुत जटिल नेटवर्क हैं व्यवहारिक भाषा में "अंतरजाल" शब्द का प्रयोग नहीं किया जाता है यहां तक कि बहुत से लोग इंटरनेट को केवल नेट कहकर ही सम्बोधित करते हैं इंटरनेट को वर्ल्ड वाइड वेब के नाम से भी जाना जाता है। वेब का शाब्दिक अर्थ तरंगों से होता है। मानव इतिहास का सबसे महत्वपूर्ण अविष्कार 29 अक्टूबर को हुआ अविष्कार माना जाता है। कोई भी अविष्कार बिना इंटरनेट के होना संभव नहीं था। वर्ष 2005 से प्रत्येक 29 अक्टूबर को हम इंटरनेट प्रसारण की वर्षगांठ के रूप में मनाते हैं। अन्तर्राष्ट्रीय इंटरनेट दिवस इंटरनेट के निर्माण में मदद करने वाले लोगों के लिए मनाया जाता है। इंटरनेट के अविष्कार ने हमारा जीवन हमेशा के लिए बदल दिया।1996 गूगल ने स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय में एक अनुसंधान परियोजना शुरू किया जो कि दो साल बाद औपचारिक रूप से काम करने लगा, इस दशा में प्रगति होती गई और धीरे-धीरे हुई प्रगति के फलस्वरूप इंटरनेट ने एक बड़ा और विशाल रूप धारण कर लिया। आज आपके पास इंटरनेट का पावर है, जिससे आप कुछ भी कर सकते हैं, पलभर में कोई भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। आज हर जगह इंटरनेट का प्रयोग हो रहा है, पिछले कुछ वर्षो में लोग इससे इस तरह जुड गये हैं कि आने वाले समय में आप बिना इंटरनेट के किसी भी तकनीक की कल्पना नहीं कर सकते हैं, आज कोई भी क्षेत्र इंटरनेट से अछूता नहीं है।

# Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश


आज का शब्द 29.10.2024

## शिक्षण में नवाचार

शिक्षा के क्षेत्र में प्रयुक्त शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु नये-नये साधन एवं विधियों को शैक्षिक नवाचार कहते है। नवाचार' आँग्ल भाषा के 'इन्नोवेशन' (Innovation ) शब्द से बना है जिसकी उत्पत्ति 'इन्नोवेट' (Innovate) शब्द से हुई है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



हड़प्पा और मोहनजोदड़ो को सिंधु घाटी सभ्यता की "जुड़वां राजधानियाँ" के रूप में जाना जाता है

# जन्मदिन विशेष 29 अक्टूबर


राकेश कुमार

## HAPPY BIRTHDAY

## विजेंद्र सिंह

विजेंद्र सिंह ओलंपिक पदक जीतने वाले पहले भारतीय बॉक्सर हैं, उन्होंने 2008 बीजिंग ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था

उन्होंने मिडिलवेट डिवीजन में 2009 विश्व चैंपियनशिप और 2010 राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक, साथ ही 2006 और 2014 राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक भी जीते हैं




**विजेन्द्र कुमार सिंह** *Vijender Kumar Singh*, एक सुप्रसिद्ध भारतीय पेशेवर मुक्केबाज़ हैं। विजेन्द्र सिंह का जन्म 29 अक्टूबर, 1985 को कलुवास गाँव (भिवानी ज़िला), हरियाणा में हुआ था। विजेन्द्र सिंह ने मुक्केबाज़ी की शुरुआत बचपन में भिवानी बॉक्सिंग क्लब से कोच जगदीश सिंह की देख-रेख में की। विजेन्द्र सिंह, भारतीय ओलम्पिक के इतिहास में मुक्केबाज़ी की स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाले प्रथम भारतीय मुक्केबाज़ हैं।

# धनतेरस विशेष


राकेश कुमार




**धनतेरस** *Dhanteras*) हिन्दू धर्म में मनाया जाने वाला प्रसिद्ध त्योहार है। कार्तिक कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि के दिन भगवान धन्वन्तरि का जन्म हुआ था, इसलिए इस तिथि को 'धनतेरस' या 'धनत्रयोदशी' के नाम से जाना जाता है। भारत सरकार ने धनतेरस को 'राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। धनतेरस दीपावली आने की पूर्व सूचना देता है।


29 अक्टूबर
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
विश्व स्ट्रोक दिवस
www.teachersofbihar.org
Madhu priya


29 अक्टूबर
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
अंतर्राष्ट्रीय इंटरनेट दिवस
Madhu priya
www.teachersofbihar.org



# विजेंदर सिंह बेनीवाल

जन्म 29 अक्टूबर 1985

## जन्मदिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं।

Madhu priya

# पुण्यतिथि पर नमन।



## कमलादेवी चट्टोपाध्याय

3 अप्रैल 1903 – 29 अक्टूबर 1988

www.teachersofbihar.org

Madhu priya


29 अक्टूबर
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
सुख-समृद्धि, यश और वैभव का पर्व
धनतेरस
की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक
शुभकामनाएं।
Punita Kumari
www.teachersofbihar.org


INTERNATIONAL INTERNET DAY
You Tube
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
अंतर्राष्ट्रीय इंटरनेट दिवस
29 अक्टूबर
पुनीता कुमारी
www.teachersofbihar.org

29 अक्टूबर

# धनतेरस

धनतेरस के पर्व पर, सजे हुए बाजार।
घर में लाओ आज कुछ, नये-नये उपहार।।

झालर-दीपों से सजे, आज सभी के गेह।
मन के नभ से आज तो, बरसे मधुरिम नेह।।



रहे हमेशा देश में, उत्सव का माहौल।
मिष्ठानों का स्वाद ले, बोलो मीठे बोल।।

सरस्वती का साथ हो, लक्ष्मी और गणेश।
तब आएगी संपदा, सुधरेगा परिवेश।।



उल्लू बन जाना नहीं, पाकर द्रव्य अपार।
धन के साथ मिले सदा, मेधा का उपहार।।

पुनीता कुमारी
राजकीय मध्य विद्यालय नेउरी
बरौली (गोपालगंज)